**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.12.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला,दैनिक जागरण,न्यायाधीश,तरुण मित्र," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 11.12.2025

# मानचित्र समाधान दिवस कैंप आज

वाराणसी। वीडीए में बृहस्पतिवार की सुबह 10 से 3 बजे तक मानचित्र समाधान दिवस कैंप का आयोजन किया जाएगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे कैंप में उपस्थित होकर अपनी मानचित्र संबंधी समस्याओं का शीघ्र और पारदर्शी निस्तारण कराएं। कैंप में नगर नियोजक, जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, वरिष्ठ लिपिक आदि समस्या को दूर कराएंगे। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


दैनिक जागरण–दि0 11.12.2025

## वीडीए प्रत्येक गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस करेगा आयोजित

जासं, वाराणसी : विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने प्रत्येक गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देश दिया की निस्तारण के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 3:00 बजे तक प्राधिकरण सभागार में कैंप का आयोजन होगा। कैंप का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर मानचित्र से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध कराना व समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने नागरिकों से अपील किया कि वे कैंप में उपस्थित होकर मानचित्र संबंधित समस्याओं का शीघ्र व पारदर्शी निस्तारण प्राप्त करें। कैंप में नगर नियोजक, जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, वरिष्ठ लिपिक, मैप फैसिलिटी सेल आदि टीम सभागार में जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

न्यायाधीश –दि0 11.12.2025

## मानचित्र सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिये आज लगेगा कैंप

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा के निर्देशानुसार आमजन की मानचित्र सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु ङप्रत्येक गुरुवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक प्राधिकरण सभागार में 'मानचित्र समाधान दिवस कैंप' का आयोजनङ किया जाता है। इस कैंप का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर मानचित्र से जुड़ी सभी सेवाएँ उपलब्ध कराना एवं उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करना है। उपाध्यक्ष द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे कैंप में उपस्थित होकर अपनी मानचित्र सम्बन्धी समस्याओं का शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण प्राप्त करें। कैंप के दौरान नगर नियोजक, ज़ोनल अधिकारी, अवर अभियंता, वरिष्ठ लिपिक, मैप फ़ैसिलिटी सेल एवं अवाप्ति की टीम सभागार में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


तरूण मित्र –दि0 11.12.2025

## वीडीए के मानचित्र सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण के लिए आयोजित कैंप का लाभ लें आमजन : पुर्ण बोरा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के निर्देशानुसार आमजन की मानचित्र सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक गुरुवार को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक प्राधिकरण सभागार में मानचित्र समाधान दिवस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर मानचित्र से जुड़ी सभी सेवाएँ उपलब्ध कराना एवं उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करना है।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे कैंप में उपस्थित होकर अपनी मानचित्र सम्बन्धी समस्याओं का शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण प्राप्त करें।कैंप के दौरान नगर नियोजक, ज़ोनल अधिकारी, अवर अभियंता, वरिष्ठ लिपिक, मैप फ़ैसिलिटी सेल एवं अवाप्ति की टीम सभागार में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।